# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा०क०-90/26 दिनांक 08/08/2026

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष,
   विश्वविद्यालय विभाग,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य,
   (स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालय),
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः–समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2026–28 में नामांकन हेतु प्रकाशित द्वितीय चयन सूची से नामांकन के संबंध में।**

**महाशय / महाशया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र– 2026–28 मे नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से यूजर आई–डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि द्वितीय चयन सूची से ***दिनांकः– 11.08.2026 से 13.08.2026 तक*** अभ्यर्थियों का आवंटित विभाग / महाविद्यालय में आवश्यक प्रमाण–पत्र के जाँचोपरान्त नामांकन सुनिश्चित किया जाय।

नामांकन से संबंधित अन्य बातें ***पत्रांक– छा0क0– 70 / 26 दिनांक– 11.07.2026*** पत्र के अनुरूप यथावत् रहेंगी।

*नोटः–*

1. ***विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय विभाग एवं स्नातकोत्तर अध्यापन वाले महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, नामांकित अभ्यर्थियों का समर्थ पोर्टल पर दिनांक– 14.08.2026 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से Update करना चाहेंगे। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय में उपस्थित नहीं हुए, इसके उपरान्त अपडेशन संबंधी किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। द्वितीय चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त कोटिवार बचे हुए रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय द्वारा अग्रत्तर कार्रवाई की जायेगी।***

2. *सभी विश्वविद्यालय विभाग/महाविद्यालयों की द्वितीय चयन सूची ई–मेल के साथ संलग्न है।*

मानतीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

08.8.26

<u>अध्यक्ष, छात्र–कल्याण</u>

8/8/26